# NYC के नये तम्बाकू कानून आप पर लागू होते हैं यदि आप...

- ☐ एक फार्मेसी है
- ☐ कोई तम्बाकू उत्पाद बेचते हैं या बेचने की योजना बना रहे हैं
- ☐ इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट बेचते हैं

उपभोक्ता मामलों के विभाग (NYC Department of Consumer Affairs, DCA) ने यह समझने में आपकी सहायता के लिए कि नए तम्बाकू कानून आपके व्यवसाय को कैसे प्रभावित करते हैं, इस समीक्षा का निर्माण किया है।

अधिक जानकारी के लिए, DCA की वेबसाइट **nyc.gov/dca पर जाएँ**।

NYC Consumer Affairs

हिन्दी | Hindi

## आपको क्या जानने की जरूरत है, यदि आपकी



## एक फार्मेसी है

NYC कानून शहर में स्थित उन फार्मेसियों और व्यवसायों जिनमें फार्मेसियाँ मौजूद हैं, तंबाकू उत्पादों और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट बेचने के लिए लाइसेंस प्राप्त करने पर रोक लगाता है। 28 अगस्त 2017 को, DCA अब फार्मेसियों से नये सिगरेट फुटकर विक्रेता (Cigarette Retail Dealer) लाइसेंसों के लिए आवेदन स्वीकार नहीं करता है। फार्मेसियाँ तंबाकू फुटकर विक्रेता (Tobacco Retail Dealer) या इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट फुटकर विक्रेता (Electronic Cigarette Retail Dealer) लाइसेंस के लिए आवेदन करने के योग्य नहीं हैं। DCA उन व्यवसायों के आवेदनों को अस्वीकृत करेगा जिनका निर्धारण उन फार्मेसियों या व्यवसायों की तरह किया गया है जिनमें फार्मेसियाँ हैं। यदि DCA यह पता लगाता है कि किसी फार्मेसी ने अवैध तरीके से एक लाइसेंस प्राप्त किया है, तो DCA उस लाइसेंस को रद्द कर देगा।

### *सभी फार्मेसियों के लिए मुख्य तारीखें*

✓ **23 अगस्त 2018:** इलेक्ट्रॉनिक सिगरेटों पर प्रतिबंध प्रभावी होता है। उन फार्मेसियों या व्यवसायों के लिए जिनमें फार्मेसियाँ मौजूद हैं, NYC में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट बेचना गैरकानूनी है।

✓ **01 जनवरी 2019:** तम्बाकू पर प्रतिबंध प्रभावी होता है। उन फार्मेसियों या व्यवसायों के लिए जिनमें फार्मेसियाँ मौजूद हैं, NYC में सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पाद बेचना गैरकानूनी है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता यदि आपके पास एक वैध न्यूयॉर्क राज्य का तम्बाकू पंजीकरण है।

### *वर्तमान सिगरेट फुटकर विक्रेता लाइसेंसों वाली फार्मेसियों के लिए मुख्य तारीखें*

✓ **31 दिसम्बर 2017:** विषम-साल लाइसेंसों के लिए समाप्ति तारीख आप लाइसेंस के लिए एक (1) साल के लिए नवीनीकृत करवा सकते है। आपका लाइसेंस नवीनीकृत पैकेज में विवरण शामिल होगा। जब आप नवीनीकरण करते हैं, उस पर निर्भर करते हुए नवीनीकृत शुल्क $55 या $100 है।

✓ **23 फरवरी 2018:** नवीनीकृत सिगरेट फुटकर विक्रेता लाइसेंस के लिए समाप्ति तारीख।

✓ **24 फरवरी 2018:** आपका सिगरेट फुटकर विक्रेता लाइसेंस अपने आप एक तम्बाकू सिगरेट फुटकर विक्रेता लाइसेंस बन जाता है। इससे पहले कि लाइसेंस की तारीख समाप्त हो, तो आपको अपना **नया तम्बाकू फुटकर विक्रेता लाइसेंस दस्तावेज़ प्राप्त होगा, जिसे आपके द्वारा लगाया जाना ज़रूरी है।**

✓ **28 फरवरी 2018:** यदि आप इस तारीख पर या इससे पहले अपना नवीनीकरण आवेदन सबमिट करने में असफल रहे, तो **आप एक नये लाइसेंस के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं**।

✓ **31 दिसम्बर 2018:** आपके NYC में सिगरेट या तम्बाकू उत्पाद बेचने के लिए लाइसेंस की समय समाप्ति की स्थायी तारीख।

आपको क्या जानने की जरूरत है, यदि आप

# कोई तम्बाकू उत्पाद बेचते हैं या बेचने की योजना बना रहे हैं

## यदि आपके पास एक मौजूदा सिगरेट फुटकर विक्रेता लाइसेंस (गैर-फार्मेसी) है

### *लाइसेंसों के लिए मुख्य तारीखें*

✓ **31 दिसम्बर 2017:** विषम-साल लाइसेंसों के लिए समाप्ति तारीख। आप लाइसेंस नवीनीकृत करवा सकते हैं, जो 23 फरवरी 2018 को समाप्त होगा। आपका लाइसेंस नवीनीकृत पैकेज में विवरण शामिल होगा। जब आप नवीनीकरण करते हैं, उस पर निर्भर करते हुए नवीनीकृत शुल्क $110 या $200 है।

✓ **23 फरवरी 2018:** नवीनीकृत सिगरेट फुटकर विक्रेता लाइसेंस के लिए समाप्ति तारीख।

✓ **24 फरवरी 2018:**

- आपका सिगरेट फुटकर विक्रेता (Cigarette Retail Dealer) लाइसेंस अपने आप एक तम्बाकू सिगरेट फुटकर विक्रेता (Tobacco Retail Dealer) लाइसेंस बन जाता है। इससे पहले कि लाइसेंस की तारीख समाप्त हो, तो आपको अपना **नया तम्बाकू फुटकर विक्रेता लाइसेंस दस्तावेज़ प्राप्त होगा, जिसे आपके द्वारा लगाया जाना ज़रूरी है।** नया लाइसेंस उपयुक्त पूरी अवधि की समय-समाप्ति तारीख दिखायेगा।
- **तम्बाकू फुटकर विक्रेताओं के लिए कैप (सीमा) प्रभावी हो जाएगी। सामुदायिक ज़िला कैप्स (सीमाएँ) देखें।**

✓ **28 फरवरी 2018:** यदि आप इस तारीख पर या इससे पहले अपना नवीनीकरण आवेदन सबमिट करने में असफल रहते हैं, तो **आप एक नये तम्बाकू फुटकर विक्रेता लाइसेंस के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं, जब तक कि लाइसेंस आपके सामुदायिक ज़िले में उपलब्ध नहीं हो जाते।**

## यदि आपके पास एक मौजूदा सिगरेट फुटकर विक्रेता लाइसेंस (गैर-फार्मेसी) नहीं है

**DCA दृढ़ता से सुझाव देता है कि आप एक सिगरेट फुटकर विक्रेता लाइसेंस के लिए पूरा किया गया आवेदन-पत्र तुरंत सबमिट करें। एक "पूरा किये गये आवेदन-पत्र" में सभी ज़रूरी दस्तावेज़ और जानकारी शामिल होती है। आप nyc.gov/dca पर ऑनलाइन जाकर, 311 पर कॉल करके, या DCA लाइसेंसिंग केन्द्र (DCA Licensing Center) या NYC लघु व्यवसाय सहायता केन्द्र (NYC Small Business Support Center) में स्वयं जाकर आवेदन-पत्र प्राप्त कर सकते हैं।**

यदि आप एक सिगरेट फुटकर विक्रेता लाइसेंस प्राप्त नहीं करते, तो आप 24 फरवरी 2018 के बाद से तम्बाकू उत्पाद बेचने के लिए एक तम्बाकू फुटकर विक्रेता लाइसेंस प्राप्त करने में सक्षम नहीं होगें, जबकि तम्बाकू फुटकर विक्रेताओं के लिए सामुदायिक ज़िला कैप्स (सीमाएँ) स्थापित होंगी। 24 फरवरी 2018 से, NYC में एक तम्बाकू फुटकर विक्रेता लाइसेंस के बिना कोई भी तम्बाकू उत्पाद बेचना गैरकानूनी होगा, जैसे कि सिगरेट, सिगार, चबाने वाला तम्बाकू, पाइप तम्बाकू, रोल-योअर-ओन तम्बाकू, स्नस, बीड़ी, स्नफ़, शिशा, या घुलने योग्य तम्बाकू। **नीचे दी गई मुख्य तारीखों का ध्यान रखें, या एक तम्बाकू फुटकर विक्रेता लाइसेंस प्राप्त करने में सक्षम नहीं होने का खतरा हैं।**

### *आवेदकों के लिए मुख्य तारीखें*

✓ **12 जनवरी 2018:**

- DCA अधूरे व्यक्तिगत आवेदनों को स्वीकार नहीं करेगा।
- ***आप ऑनलाइन आवेदन-पत्र सबमिट करने में सक्षम नहीं होंगे।***
- तम्बाकू फुटकर विक्रेता लाइसेंस की संख्या पर कैप (सीमा) 24 फरवरी 2018 को प्रभावी होता है। आपको अपना पूरा किया गया आवेदन-पत्र 12 जनवरी 2018 तक जमा करवाने की सलाह दी जाती है। DCA प्राप्त किये गये क्रम में **पूरे किये गये आवेदन-पत्रों** की समीक्षा करेगा।

✓ **24 फरवरी 2018:**

- DCA इस तारीख से एक सिगरेट फुटकर विक्रेता लाइसेंस के लिए आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं करेगा।
- यदि DCA ने इस तारीख तक एक लाइसेंस जारी नहीं किया, तो आप एक तम्बाकू फुटकर विक्रेता लाइसेंस प्राप्त नहीं करेंगे।
- एक फुटकर विक्रेता लाइसेंस के बिना NYC में तम्बाकू उत्पाद बेचना गैरकानूनी है।

आपको क्या जानने की जरूरत है, यदि आप

# इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट बेचते हैं

23 अगस्त 2018 से, सभी स्टोर जो NYC में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट बेचते हैं, उनके पास इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट फुटकर विक्रेता (Electronic Cigarette Retail Dealer) लाइसेंस होना ज़रूरी है। लाइसेंस की अवधि दो (2) साल है। लाइसेंस की फीस $200 है। **एक इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट फुटकर विक्रेता लाइसेंस प्राप्त करने के लिए, आपको यह सत्यापित करना होगा कि आप 28 अगस्त 2017 को या पहले इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट बेच रहे थे।** आपको इस तारीख तक के बिक्री के सबूत जमा करने के लिए कहा जा सकता है।

21 वर्ष से कम आयु के किसी व्यक्ति को इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट या द्रव्य निकोटीन बेचना गैरकानूनी है। जुर्माने:

- यदि आप 21 वर्ष से कम आयु के किसी व्यक्ति को इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट बेचते हैं या एक तीन-वर्षीय अवधि के अन्दर-अन्दर किसी को इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट डिलीवर करते हैं, तो आपका इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट फुटकर विक्रेता लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।
- वे व्यवसाय जो एक DCA लाइसेंस के बिना इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट बेचते हैं, उन पर निरीक्षण तिथि से लेकर सुनवाई की तारीख तक $100 प्रति दिन का जुर्माना लगाया जाएगा।

## *आवेदकों के लिए मुख्य तारीखें (आवेदन करने के लिए 28 अगस्त 2017 को या पहले इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट बेच रहे होना ज़रूरी है)*

✓ **25 जनवरी 2018 से 25 अप्रैल 2018 तक:** शुरुआती आवेदन अवधि। DCA 25 जनवरी 2018 से आवेदन-पत्र स्वीकार करने शुरु कर देगा। DCA 25 अप्रैल 2018 को आवेदन-पत्र स्वीकार करने बंद कर देगा।

✓ **25 जनवरी 2018:** ग्राहकों को इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट डिलीवर करना गैरकानूनी है। आप इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट केवल अपने स्टोर में बेच सकते हैं।

✓ **23 अगस्त 2018:** एक इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट फुटकर विक्रेता लाइसेंस के बिना NYC में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट बेचना गैरकानूनी है। नये आवेदन-पत्र सामुदायिक ज़िला कैप्स (सीमाओं) के अधीन होंगे (अगला पृष्ठ देखें)।

✓ **30 नवम्बर 2019:** प्रारंभिक आवेदन-पत्र अवधि के दौरान जारी लाइसेंस के लिए समाप्ति तिथि। 2019 में, सक्रिय लाइसेंसों के सभी धारकों को, जो अच्छी स्थिति में हैं, कैप (सीमा) की परवाह किए बिना नवीनीकरण पैकेज प्राप्त होगा। लाइसेंस 30 नवंबर को विषम संख्या वाले वर्षों में समाप्त हो जाएगा।

**सामुदायिक ज़िला कैप्स (सीमाएँ)** अगले पृष्ठ पर >

## सामुदायिक ज़िला सीमाएँ

कानून के अनुसार, DCA न्यूयॉर्क शहरी चार्टर के अध्याय 69 के तहत स्थापित प्रत्येक सामुदायिक ज़िले में तम्बाकू फुटकर विक्रेता (Tobacco Retail Dealer) और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट फुटकर विक्रेता (Electronic Cigarette Retail Dealer) की संख्या पर कैप्स (सीमाएं) निर्धारित करेगा। ये कैप्स (सीमाएं) होंगी:

- 24 फरवरी 2018 को सक्रिय तम्बाकू फुटकर विक्रेता लाइसेंसों की संख्या का 50%
- शुरुआती आवेदन अवधि के बाद इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट फुटकर विक्रेताओं के लिए जारी किये गये लाइसेंसों की संख्या का 50%

एक बार कैप्स (सीमाओं) के निर्धारित हो जाने के बाद:

- DCA इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट फुटकर विक्रेता या तम्बाकू फुटकर विक्रेता के लाइसेंसों के लिए आवेदनों को ***स्वीकार नहीं करेगा*** जब तक कि किसी सामुदायिक ज़िले में लाइसेंसों की संख्या उस श्रेणी के लिए कैप (सीमा) से नीचे नहीं है।
- कैप के बावजूद, ***DCA*** केवल निम्नलिखित परिस्थितियों में ***एक नया आवेदन स्वीकार करेगा***, जब तक कि इस पते पर उसी श्रेणी की अच्छी स्थिति में एक चालू, सक्रिय लाइसेंस होता है और *नया व्यवसाय बिक्री के 30 दिनों के भीतर एक नये लाइसेंस के लिए आवेदन करता है।*
    - किसी व्यक्ति या व्यवसाय से नया आवेदन जिसका लाइसेंस निगम, साझेदारी, या एलएलसी के *स्वामित्व में परिवर्तन* के कारण रद्द हो जाता है।
- कैप के बावजूद, DCA तंबाकू फुटकर विक्रेताओं और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट फुटकर विक्रेताओं से ***नवीनीकरण के आवेदन स्वीकार करेगा***।

## लाइसेंसिंग केन्द्र के स्थान

**DCA Licensing Center**
**DCA लाइसेंसिंग केन्द्र**

42 Broadway, Lobby
New York, NY 10004
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 9:00 बजे – शाम 5:00 बजे
बुधवार: सुबह 8:30 बजे – शाम 5:00 बजे

**NYC Small Business Support Center**
**NYC लघु व्यवसाय समर्थन केन्द्र**

90-27 Sutphin Blvd, 4th Floor
Jamaica, NY 11435
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 9:00 बजे – शाम 5:00 बजे

NYC Office of the Mayor | **Consumer Affairs**
Lorelei Salas
Commissioner

*NYC उपभोक्ता मामलों का विभाग (NYC Department of Consumer Affairs, DCA) संपन्न समुदाय बनाने के लिए न्यूयॉर्क वासियों की रोज़मर्रा की आर्थिक जिन्दगियों का संरक्षण करता और उसे बेहतर बनाता है।*

02/2018